वन महोत्सव २०१६ का आयोजन

वन उत्पादकता संस्थान रांची एवं डी.ए.वी., हेहल विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक १९.०७.२०१६ को वन महोत्सव २०१६ का आयोजन किया गया. वन महोत्सव भारत में प्रतिवर्ष जुलाई माह में वृक्षारोपण के लिये मनाया जाने वाला उत्सव है. यह पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक परिवेश के प्रति संवेदनशीलता को अभिव्यक्त करने वाला एक आंदोलन है. इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं वन उत्पादकता संस्थान के वैज्ञानिकों ने विद्यालय परिसर में आवंला, जामुन, गम्हार, लक्ष्मी तरु, अमरूद, आम, शीशम, काला शीशम इत्यादि बृक्ष लगाये. संस्थान के निदेशक डा. शमीम अंसारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बदलते पर्यावरण में वृक्ष लगाने की महता पर प्रकाश डाला और वृक्षों के प्रकार और उनको लगाने की विधि के बारे में बताया. इसके साथ ही बच्चों में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढाने हेतु करीब ५०० छात्रों को एक एक पौधा उनके आवासीय स्थल में रोपित करने हेतु वितरित किया गया. एवं डी.ए.वी., हेहल विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं क्षेत्रीय निदेशक डा. टी. पी. पति ने बच्चों के मध्य पौध का वितरण करते हुए बताया की जो बच्चे एक वर्ष तक अपने लगाये पौधों की देखरेख करेंगे उन्हें अगले वर्ष विद्यालय के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा.

वन महोत्सव की तैयारी का अवलोकन करते हुए वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ. एस. ए. अंसारी, डी.ए.वी., हेहल विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं क्षेत्रीय निदेशक डा. टी. पी. पति

वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ. एस. ए. अंसारी का स्वागत करते हुए छात्रों के साथ डी.ए.वी., हेहल विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं क्षेत्रीय निदेशक डा. टी. पी. पति

वन महोत्सव २०१६ में वृक्षारोपण करते हुए वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक डॉ. एस. ए. अंसारी के साथ डी.ए.वी., हेहल विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं क्षेत्रीय निदेशक डा. टी. पी. पति

छात्रों को वृक्ष लगाने की विधि समझाते एवं बृक्षों की महता पर प्रकाश डालते हुए डी.ए.वी., हेहल विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं क्षेत्रीय निदेशक डा. टी. पी. पति

शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा वृक्षारोपण

संस्थान के वैज्ञानिको एवं विद्यार्थियों के द्वारा वृक्षारोपण

छात्रों के द्वारा वृक्षारोपण साथ में डी.ए.वी., हेहल विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक एवं वैज्ञानिक

समूह फोटोग्राफ